संख्या–1049/सत्तर-3-2020

प्रेषकः–

विशेष सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– कुलसचिव
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश

2– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊः: दिनांक 20 मई, 2020

विषयः "**Way ahead in Education**" विषय पर दिनांक 21.05.2020 को आयोजित वेबिनार के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 के दृष्टिगत शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन/परिवर्द्धन की दिशा में विचार–विमर्श हेतु उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के तत्वाधान में "Way ahead in Education" विषय पर दिनांक 21.05.2020 को (अपराह्न 12:15 से अपराह्न 02:30 तक) एक वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। उक्त वेबिनार में देश/प्रदेश के लब्ध प्रतिष्ठ शिक्षाविद् एवं कुलपतिगण अपने विचार/अभिमत प्रस्तुत करेंगे।

उक्त वेबिनार **डॉ0 दिनेश शर्मा, मा0 उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति एवं प्रो0 गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की अध्यक्षता में** आयोजित की गयी है। उक्त वेबिनार में निम्नलिखित बिन्दुओं का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है।

1– वेबिनार में प्रतिभाग करने के लिए कृपया **https://forms.gle/RsQrYVGMeFjqK2jZ6** इस पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने का कष्ट करें।

2– उक्त वेबिनार का सीधा प्रसारण यू–ट्यूब पर किया जायेगा। **अपने स्तर से समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के प्राचार्यो को सूचित करने का कष्ट करें कि वे स्वयं तथा अपने विभागध्यक्षों एवं शिक्षको को भी इसे देखने के लिए प्रोत्साहित करें।**

3– उक्त वेबिनार का सीधा प्रसारण यू–ट्यूब के लिंक **https://youtu.be/4_vKSnc0w9k** पर देखा जा सकता है।

भवदीय,

(योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी)
विशेष सचिव।